NEWS18 हिंदी

**आपके घर पहुंच रहा था नकली दूध? महाराष्ट्र में फैक्ट्री का बड़ा भंडाफोड़, जानिए अंदर की कहानी**

Maharashtra fake milk: अगर आप रोज दूध खरीदकर घर ला रहे हैं, तो यह खबर आपको जरूर पढ़नी चाहिए. महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में नकली दूध बनाने के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है. जांच एजेंसियों के मुताबिक, यह अवैध कारोबार पिछले करीब तीन साल से चल रहा था और इस दौरान करोड़ों रुपये का कारोबार किया गया. जांच में करीब 4.63 करोड़ रुपये के दूध पाउडर की बिक्री का खुलासा हुआ है. एफडीए (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर फैक्टरी में छापा मारा. वहां बड़ी मात्रा में नकली दूध, दूध पाउडर और ऐसे केमिकल मिले जिनका इस्तेमाल इंसानी सेहत के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है. शुरुआती जांच में पता चला कि फैक्टरी में बनने वाले हर 100 लीटर दूध में करीब 10 लीटर नकली दूध मिलाया जाता था. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह मिलावटी दूध सिर्फ धाराशिव ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों में भी सप्लाई किया जा रहा था. छापेमारी के बाद फैक्टरी को सील कर दिया गया है और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है. इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है.

Source: https://hindi.news18.com/videos/maharashtra/maharashtra-fake-milk-factory-busted-synthetic-milk-racket-inside-story-10659030.html